Bharat Temples

सावन का महिना है मौसम भी सुहाना है

सावन का महिना है मौसम भी सुहाना है,
मैया ने भुलाया है दरबार को जाना है,
सावन का महिना है मौसम भी सुहाना है

ज़न्मो की प्यास मेरी आज मिट जायेगी,
चिंतपूर्णी मात मेरी मेरे पास आएगी,
ना मैया ने रूठना है ना मैंने मनाना है,
सावन का महिना है मौसम भी सुहाना है

माँ के भगतो माँ से मांग लो आज दाती मेहरबान है,
आज माँ का ध्यान लगा लो आज माँ को सबका ध्यान है,
कोई खाली नही जायेगा आज भगवती ने ठाना है,
सावन का महिना है मौसम भी सुहाना है

दर पे सब खड़े होंगे मैं भी खड़ा हूँगा,
सब के साथ चरणों में मैं भी पड़ा हूँगा,
सब के दिल की जाने माँ क्या सुनना सुनाना है,
सावन का महिना है मौसम भी सुहाना है

जिस पर हो तेरी किरपा उसे कोई मिटा न सके,
तूने जिसको मिटाया है माँ उसे कोई बना न सके,

तेरी माया को क्या समजे चंचल तो दीवाना है,
सावन का महिना है मौसम भी सुहाना है

Source:
https://www.bharattemples.com/sawan-ka-mahina-hai-mosam-bhi-suhana-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw